# हमारा दून



राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ0 धन सिंह रावत बैठक लेते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### आठ पेटी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। पटेलनगर पुलिस ने आठ पेटी अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक पटेलनगर द्वारा एसएसपी के निर्देश पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। बीती रात्रि को चेकिंग अभियान के दौरान एचसीएल कंपाउंड मंडी के पास जीएमएस रोड पर दो संदिग्ध व्यक्ति ठेके के पास अवैध रूप से शराब बेच रहे थे, पुलिस टीम को देखकर एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया जबकि एक व्यक्ति को मौके पर पकड़ लिया।

### महिला डेयरी विकास योजना को मॉडल के रूप में सृजित करें: डीएम

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता जिलाधिकारी शिविर कार्यालय में डेयरी विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने डेयरी विकास विभाग के अधिकारियों को दुग्ध उत्पादन, पशु आहार, दुग्ध विक्रय एवं विभिन्न दुग्ध उत्पादक, संघो के सदस्यों की कठिनाईयों, पशु पोषण, पशु आहार परिवहन के साथ ही, पौष्टिकता, पैकिंग व गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि महिला डेयरी विकास योजना को मॉडल के रूप में सृजित करें साथ ही कहा कि गंगा गाय योजनाके तहत महिला सदस्यों को बैंकों के माध्यम से भी ऋण अनुदान के प्रयास किये जायं।

### सहायक समीक्षा अधिकारी, अनुवादक परीक्षा 29 को

देहरादून। अपर जिलाधिकारी बीर सिंह बुदियाल ने अवगत कराया है कि उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड नैनीताल के अधिष्ठान हेतु सहायक समीक्षा अधिकारी, अनुवादक, टाईपिस्ट लाईब्रेरियन परीक्षा–2018 का आयोजन जनपद के 24 परीक्षा केन्द्रों पर आज सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने अवगत कराया कि 29 दिसम्बर को परीक्षा केन्द्र के 100 मीटर की परिधि तक परीक्षा सम्पन्न होने तक धारा 144 द0प्र0स0 प्रभावी रहेगी।

### प्रेस कौंसिल ऑफ इण्डिया के सदस्य प्रभात दास के निधन पर शोक व्यक्त किया

देहरादून। जर्नलिस्ट् यूनियन ऑफ उत्तराखण्ड की उज्जवल रेस्तरां देहरादून में एक बैठक हुई। बैठक में आईजेयू के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं प्रेस कौंसिल ऑफ इण्डिया के सदस्य प्रभात दास जी के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई और दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। उन्होंने अपने सिदांतों से कभी समझौता नहीं किया और न ही किसी दवाब के आगे झुके।

## 'उत्तराखण्ड युवा कॉन्क्लेव-2020' की तैयारियों को लेकर मंत्री ने ली बैठक

**संवाददाता** देहरादून। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ0 धन सिंह रावत ने विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में विवेकानन्द जयंती के अवसर पर आगामी 11 व 12 जनवरी को होने वाले दो दिवसीय "उत्तराखण्ड युवा कॉन्क्लेव–2020" आयोजन के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। डॉ0 धन सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखण्ड की दशा व दिशा में युवाओं की भूमिका को लेकर "उत्तराखण्ड युवा कॉन्क्लेव–2020" एक अभिनव प्रयोग है। इस आयोजन में देशभर के टॉपर्स, रिसर्च स्कालर, युवाओं एवं गणमान्य को आमंत्रित किया जायेगा। रोजगार वर्ष के रूप में मनाने वाला उत्तराखण्ड राज्य इससे विशेष रूप से लाभान्वित होगा। इस आयोजन में भारत के साथ उत्तराखण्ड संस्कृति की विशेष झलक मिलेगी।

देव भूमि, वीर भूमि, उद्योग भूमि एवं उत्कृष्ट उत्तराखण्ड थीम पर आधारित इस आयोजन में आयुर्वेद, योग और हेल्थ–वैलनेस पर भी चर्चा की जायेगी। उत्तराखण्ड युवा कॉन्क्लेव–2020" आयोजन में संसदीय स्वरूप में विभिन्न सत्रों में परिचर्चा की जायेगी। परिचर्चा में संस्कृति, मानव संसाधन, उद्योग और अवस्थापना विकास जैसे विषय पर, जी–टू–जी, ग्राउण्ड–टू–गवर्मेंट स्वरूप पर मुख्यमंत्री से सीधा संवाद भी किया जायेगा। ओ.एन.जी.सी. में होने वाले इस कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ ड्राफ्ट नीति को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

# अच्छे लोगों को राजनीति से जुड़ना चाहिए: सीएम

**सम्मान**

विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए विभूतियों को किया सम्मानित

राजनीति में आ रही गिरावट को रोकने के लिये चिन्तन की भी जरूरत



कार्यक्रम में मंचासीन सीएम व अन्य।

**संवाददाता**

देहरादून। नित्यानन्द स्वामी जन सेवा समिति द्वारा स्वामी जी की 91वीं जयन्ती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए विभूतियों को सम्मानित को किया गया।

सांसद अजय भट्ट को स्वच्छ राजनीतिज्ञ पुरस्कार, स्वामी सुन्दरानन्द को उत्तराखण्ड गौरव सम्मान, डॉ. सुनील सैनी को चिकित्सा सेवा अलंकरण सम्मान, पदमश्री प्रीतम भरतवाण को संगीत अलंकरण सम्मान, देवेन्द्र कुमार अग्रवाल को उद्योग अलंकार सम्मान, अद्धैत क्षेत्री एवं प्रेम माधववाली को युवा अलंकरण सम्मान तथा शिक्षाविद सम्मान पदिमनी एस शिवम को प्रदान किया। सांसद अजय भट्ट को दिया जाने वाला पुरस्कार उनकी धर्मपत्नी पुष्पा भट्ट ने ग्रहण किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. नित्यानन्द स्वामी स्वच्छ राजनीति के पुरोधा एवं सामाजिक बुराइयों के विरूद्ध संघर्ष करने वाले व्यक्तित्व थे। स्वच्छ, इमानदार एवं पारदर्शी प्रशासन तथा भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिये किये जाने वाले प्रयासों के लिये ऐसे व्यक्ति प्रेरणा व शक्ति प्रदान करते हैं। स्वामी जी को विनम्रता व दृढ़ता का प्रतीक बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज हित के लिये किये जाने वाले कार्यों के लिये हमें सदैव विनम्रता पूर्वक तत्पर रहना चाहिए। विनम्रता कमजोरी नहीं होती है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि समिति द्वारा गीत संगीत, विज्ञान, शिक्षा, स्वास्थ व अन्य क्षेत्रों के विभिन्न व्यक्तियों का चयन कर उन्हें सम्मानित करना सराहनीय प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छे लोगों को राजनीति से जुड़ना चाहिए। स्थानीय निकाय चुनावों से ही इसकी शुरूआत होनी चाहिए। यदि पढ़े लिखे लोग अपना वोट देंगे तो निश्चित रूप से राजनीति में अच्छे व इमानदार लोग आगे आयेंगे। इसके तभी सार्थक परिणाम मिल सकेंगे जब हम इसके लिये इमानदारी से प्रयास करेंगे। उन्होंने राजनीति में आ रही गिरावट को रोकने के लिये गहराई के साथ चिन्तन की भी जरूरत बतायी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चन्द अग्रवाल ने कहा कि स्वामी जी का जीवन संघर्षमय रहा। वे सभी का सम्मान करते थे। शिष्टाचार व सदाचार की वे मिशाल रहे। उनका व्यक्तित्व व कृतत्व महान था। कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि स्वामी जी राजनैतिक शुचिता के प्रतीक थे। सांसद माला राजलक्ष्मी शाह ने स्वामी जी को सरल स्वभाव वाला सबको साथ लेकर चलने वाला व्यक्ति बताया। उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री डॉ. अम्मार रिजवी ने कहा कि स्व. नित्यानंद स्वामी से उनका गहरा सम्बन्ध रहा है।

# अधिकारी, कर्मचारी सरकार का आवरण होते हैं: सीएम

**शुभारम्भ**

■लोक सेवकों के 14वां आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

**संवाददाता**

देहरादून/नैनीताल। मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड त्रिवेन्द्र सिह रावत ने डा. रघुनन्दन सिह टोलिया प्रशासन अकादमी नैनीताल में लोक सेवकों के 14वां आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने लोक सेवकों को सम्बोधित करते हुये कहा कि अधिकारी, कर्मचारी सरकार का आवरण होते हैं। इन्ही के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से ही जनता मे सरकार की छवि की पहचान होती है। अधिकारियों, कर्मचारियों के अच्छे कार्यो से जहां सरकार की छवि अच्छी होती है वही गलत कार्यो से सरकार की छवि धूमिल भी होती है इसलिए सभी लोक सेवक नैतिक मूल्यों व कर्तव्यों को समझे व अपने जीवन मे उतारें। श्री रावत ने लोक सेवक अपने उत्तरदायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें तथा कार्यों मे पारदर्शिता रखें। मुख्यमंत्री ने कहा लोक सेवकों का दायित्व है कि वह समाज में सभी को साथ लेकर चलें, अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुये समाज में सामंजस्य स्थापित कर कार्यो का सम्पादित करें।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा कुमाऊंनी भाषा की चार पुस्तकें जिनका शीर्षक "धगुलि, हंसुलि, छुबकि एवं झुमकि" का विमोचन किया। सचिव मुख्यमंत्री, आयुक्त कुमायू एवं निदेशक एटीआई राजीव रौतेला ने सीएम को पुष्पगुच्छ देकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। रौतेला ने कहा कि अकादमी में उच्च गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि लोक सेवक दक्ष होकर अच्छे अधिकारी बनकर यहां से निकलें।



कुमाऊंनी भाषा की चार पुस्तकें "धगुलि, हंसुलि, छुबकि एवं झुमकि" का विमोचन करते सीएम।

### विधानसभा का विशेष सत्र 7 जनवरी को

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र की तिथि निर्धारित कर दी गई है। सात जनवरी को होने वाले विशेष सत्र में अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए अगले 10 साल तक आरक्षण बढ़ाने के केंद्र सरकार के निर्णय के मद्देनजर अनुसमर्थन प्रस्ताव पारित किया जाएगा। राजभवन की मंजूरी के बाद विधानसभा सचिवालय ने विशेष सत्र की अधिसूचना जारी कर दी है। विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि सात जनवरी को यह एक दिन का विशेष सत्र होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संविधान में दी गई व्यवस्था के अनुसार अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए अगले 10 साल के लिए आरक्षण की अवधि को बढ़ाया गया है।

उन्होंने बताया कि अब राष्ट्रपति से इसे अनुमोदन मिलना है, जिसके लिए सभी राज्यों की विधानसभाओं में यह प्रस्ताव पारित कराया जाना जरूरी है। इसी के दृष्टिगत उत्तराखंड विधानसभा का भी सत्र आहूत किया जा रहा है।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं०
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।